**NEWS HIMACHAL24**

**WWW.NEWSHIMACHAL24.COM**

Himachal Pradesh 29 January, 2026

# सी एस यू में दो दिवसीय रूपक (नाटक) महोत्सव का हुआ शुभारम्भ

परागपुरः अमित वालिया

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरुवार के दिन उत्तर क्षेत्रीय रूपक महोत्सव का उद्घाटन सत्र सम्पन्न हुआ।
दो दिन चलने वाले इस नाटक महोत्सव के पहले दिन मुख्यातिथि के रूप में पद्मश्री सम्मानित एवं संम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के पूर्व कुलपति प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र शामिल हुए।उन्होंने कहा कि संस्कृत के विना भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती, एवं सम्पूर्ण भारतीय एवं विश्वसंस्कृति संस्कृत पर ही आश्रित है। यदि भारतीय संस्कृत एवं संस्कृत का विकास अवरुद्ध होता है तो यह सम्पूर्ण विश्व के लिए ही खतरे की घण्टी की तरह है, उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों से नाट्यमंचन के लिए आये हुए प्रतिभागी छात्रों को भी शुभकामनाएं प्रदान कीं तथा इस वेद व्यास के जुडी हुई अनेक पुरानी स्मृतियों को भी सांझा किया।



वहीं विशिष्टातिथि के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर से साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. सनन्दन कुमारी त्रिपाठी ने शिरकत की व साहित्य नाट्य कला इत्यादि के क्षेत्र में छात्रों को प्रतिभाग करने तथा विशेषकर संस्कृत नाटकों के मंचन के लिए भी प्रेरित किया।



वहीं सारस्वततिथि के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के एकलव्य परिसर त्रिपुरा से भी साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो.सुशान्तराज उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेद व्यास परिसर बलाहर की निदेशिका प्रो.सत्यम कुमारी ने की तथा कार्यक्रम संयोजिका प्रो. मोहिनी अरोड़ा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बलाहर परिसर में संस्कृत के नाटकों का मंचन भारत के अनेक राज्यों से आये हुए कलाकार छात्रों के द्वारा हो रहा है जिसके कि संस्कृत का संवर्धन एवं प्रचार प्रसार व्यापक रूप से हो रहा है।

उद्घघाटन सत्र के उपरान्त दीवान कृष्ण किशोर आदर्श संस्कृत महाविद्यालय अम्बाला के छात्रों द्वारा नाट्यप्रस्तुति की गई। जिसका सभी दर्शकों ने अत्यन्त सहृदयता से दर्शन किया।
इसके बाद के.स.वि.गङ्गानाथ झा परिसर प्रयागराज के नाट्य प्रतिभागियों द्वारा अर्जुन उर्वशीयम् इस संस्कृत नाटक का मंचन किया गया उनकी प्रस्तुति अतीव सराहनीय एवं मनमोहक थी।इसके अलावा बाकी प्रतिभागियों का प्रदर्शन शुक्रवार को किया जाएगा।इस अवसर पर वेदव्यास परिसर के समस्त शिक्षक,गैर शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

अमर उजाला

Kangra

08-02-2026



# पहले सेमेस्टर में गोपालकृष्ण विवि में अव्वल

रक्कड़ (कांगड़ा)। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के शिक्षा शास्त्र विभाग (बीएड) के पहले और तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (मुख्यालय) के परीक्षा विभाग की ओर से घोषित कर दिया गया।

इसमें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 10 परिसरों में से बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के बीएड विभाग के पहले सेमेस्टर के छात्र गोपालकृष्ण समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं, वेदव्यास परिसर की ही छात्रा लती देवी दूसरे और कंचन शर्मा, सूजल, चंद्रेश कुमारी और पल्लवी तीसरे स्थान पर रहे।

वेदव्यास परिसर के बीएड विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यदेव ने बताया कि तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थी प्रियांशु, शालनी, मनालिका, शीतल और यशपाल समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं, आशिमा कुमारी, कंचन, वेदप्रभा, अंकुर कुमार, आंचल, आशा कुमारी, अरविन और अंशुल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

मनोज कुमार, गौरव और विशाली तीसरे स्थान पर रहे। परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी और सहनिदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट और परिसर के समस्त प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने वेदव्यास परिसर के साथ-साथ विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। संवाद

# वेदव्यास परिसर के बीएड विभाग के होनहारों का जलवा

बनखडी, परागपुर। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के शिक्षा शास्त्र विभाग बीएड विभाग के पहले व तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ;मुख्यालयद्ध के परीक्षा विभाग द्वारा घोषित कर दिया गया। जिसमें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 10 परिसरों में से बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के बी एड विभाग के पहले सेमेस्टर के छात्र गोपालकृष्ण समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं वेदव्यास परिसर की ही छात्रा लती देवी दूसरे व कंचन शर्मा, सूजल, चंद्रेश कुमारी व पल्लवी चारों छात्र छात्राएं तीसरे स्थान पर रहे। वेदव्यास परिसर के बी एड विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ सत्यदेव ने बताया कि तीसरे सेमेस्टर की छात्रा प्रियांशु, शालिनी, मनालिका, शीतल व यशपाल समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं आशिमा कुमारी, कंचन, वेदप्रभा, अंकुर कुमार, आंचल, आशा कुमारी, अरविन व अंशुल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।वहीं उन्होंने बताया कि मनोज कुमार, गौरव व विशाली देवी तीसरे स्थान पर रहे। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो सत्यमकुमारी व सहनिदेशक प्रो मंजूनाथ भट्ट के व परिसर के समस्त प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में इन छात्रों ने उत्तम श्रेणी प्राप्त कर वेदव्यास परिसर के साथ विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।

# समूचे विश्वविद्यालय में टॉप पर रहे वेदव्यास परिसर के बी. एड. विभाग के छात्र-छात्राएं



**सवेरा न्यूज/गगन सूद/प्रदीप ठाकुर**

प्रागपुर,रक्कड़,6 फरवरी : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के शिक्षाशास्त्रविभाग(बी एड विभाग)के पहले व तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (मुख्यालय) के परीक्षा विभाग द्वारा घोषित कर दिया गया। जिसमें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 10 परिसरों में से बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के बी एड विभाग के पहले सेमेस्टर के छात्र गोपालकृष्ण समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं वेदव्यास परिसर की ही छात्रा लतीदेवी दूसरे व कंचन शर्मा, सूजल,चंद्रेश कुमारी व पल्लवी चारों छात्र छात्राएं तीसरे स्थान पर रहे।जानकारी देते हुए वेदव्यास परिसर के बी एड विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डा.सत्यदेव ने बताया कि तीसरे सेमेस्टर की छात्रा प्रियांशु,शालनी, मनालिका, शीतल व यशपाल समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं आशिमा कुमारी, कंचन, वेदप्रभा, अंकुर कुमार, आंचल, आशा कुमारी, अरविन कपू व अंशुल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं उन्होंने बताया कि मनोज कुमार, गौरव व विशाली देवी तीसरे स्थान पर रहे। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो.सत्यमकुमारी व सहनिदेशक प्रो मंजूनाथ भट्ट के व परिसर के समस्त प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में इन छात्रों ने उत्तम श्रेणी प्राप्त कर वेदव्यास परिसर के साथ-साथ विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।

# केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 6 छात्रों ने जे.आर.एफ. व 2 ने की नैट परीक्षा उत्तीर्ण

## एनटीए ने बीते दिसम्बर माह में करवाई थी परीक्षा

**सवेरा न्यूज/गगन सूद**

प्रागपुर, 8 फरवरी : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में अध्ययनरत 1 शोधछात्रा व 7 पूर्व छात्रों ने एन. टी. ए. द्वारा विगत दिसम्बर माह में आयोजित हुई राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफलता हासिल की है। परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी व बी. एड.(शिक्षाशास्त्री) विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यदेव ने बताया कि जे.आर.एफ.की परीक्षा में सफलता



हासिल करने वाले छात्रों में साहित्य विभाग में शोधरत छात्रा निशा देवी, पूर्व छात्रा प्रीति, दीपिका कौशल, गौरव अत्री, राहुल व शुभम भारद्वाज शामिल हैं। वहीं नेट परीक्षा में पूर्व छात्र साहिल व रितिका नेगी ने सफलता हासिल की है। सभी छात्रों की सफलता की प्रशंसा एवं उत्साह वर्धन करते हुए परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी व सहायक निदेशक प्रो मंजूनाथ भट्ट ने कहा कि वेदव्यास परिसर के लिए यह गौरव का क्षण है तथा परिसर में अध्ययनरत अन्य सभी छात्रों के लिए भी यह प्रोत्साहन का विषय है। इससे प्रेरित होकर भविष्य में भी छात्र बढ़चढ़ कर इस प्रकार की विविध राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय परीक्षाओं में भाग ग्रहण कर सफलता हासिल सकेंगे ।

# केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रों ने चमकाया नाम



**परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में अध्ययनरत एक शोध छात्रा व सात पूर्व छात्रों ने एनटीए द्वारा विगत दिसंबर माह में आयोजित हुई राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफलता हासिल की है। उक्त जानकारी देते हुए परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी व बीएड शिक्षा शास्त्री विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सत्यदेव ने बताया कि जेआरएफ की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले छात्रों में साहित्य विभाग में शोधरत छात्रा निशा देवी, पूर्व छात्रा प्रीति, दीपिका कौशल, गौरव अत्री, राहुल व शुभम भारद्वाज शामिल हैं। सभी छात्रों की सफलता की प्रशंसा एवं उत्साह वर्धन करते हुए परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी व सहायक निदेशक प्रो मंजूनाथ भट्ट ने कहा कि वेदव्यास परिसर के लिए यह गौरव का क्षण है।

ww.punjabkesari.in

## न्यूज ब्रीफ

### बी.एड. परिणाम में गोपाल कृष्ण प्रथम

रक्कड़, 6 फरवरी (आनंद): केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के शिक्षा शास्त्र विभाग (बी.एड. विभाग) के पहले व तीसरे सैमेस्टर का परीक्षा परिणाम केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (मुख्यालय) के परीक्षा विभाग द्वारा घोषित कर दिया। इसमें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 10 परिसरों में से बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर के बी.एड. विभाग के पहले सैमेस्टर के छात्र गोपाल कृष्ण समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं वेदव्यास परिसर की ही छात्रा लती देवी दूसरे व कंचन शर्मा, सूजल, चंद्रेश कुमारी व पल्लवी चारों छात्र-छात्राएं तीसरे स्थान पर रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यदेव ने बताया कि तीसरे सैमेस्टर की छात्रा प्रियांशु, शालनी, मनालिका, शीतल व यशपाल समूचे विश्वविद्यालय में पहले स्थान पर रहे। वहीं आशिमा कुमारी, कंचन, वेदप्रभा, अंकुर कुमार, आंचल, आशा कुमारी, अरविन कपू व अंशुल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि मनोज कुमार, गौरव व विशाली देवी तीसरे स्थान पर रहे। परिसर की निदेशक प्रो. सत्यमकुमारी व सहनिदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट के व परिसर के समस्त प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में इन छात्रों ने उत्तम श्रेणी प्राप्त कर परिसर के साथ विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।

### आठ विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता

**परागपुर :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में अध्ययनरत एक शोध छात्र व सात पूर्व विद्यार्थियों ने एनटीए द्वारा दिसंबर में हुई राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफलता हासिल की है। परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व बीएड (शिक्षा शास्त्री) के विभागाध्यक्ष डा. सत्यदेव ने बताया कि जेआरएफ की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में साहित्य विभाग में शोधरत छात्रा निशा देवी, पूर्व छात्रा प्रीति, दीपिका कौशल, गौरव अत्री, राहुल व शुभम भारद्वाज शामिल है। नेट में पूर्व छात्र साहिल व रितिका नेगी ने सफलता हासिल की है। सभी विद्यार्थियों की सफलता की प्रशंसा व्यक्त करते हुए प्रो. सत्यम कुमारी व सहायक निदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट ने कहा कि वेदव्यास परिसर के लिए यह गौरव का क्षण है तथा परिसर में अध्ययनरत अन्य सभी विद्यार्थियों के लिए भी यह प्रोत्साहन का विषय है। (सम)

पंजाब केसरी
MON,09 FEBRUARY 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 1

### केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 6 छात्रों ने जे.आर.एफ. व 2 ने पास की नैट परीक्षा

रक्कड़, 8 फरवरी (आनंद): केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में अध्ययनरत 1 शोध छात्रा व 7 पूर्व छात्रों ने नैट परीक्षा में सफलता हासिल की है।

उक्त जानकारी देते हुए परिसर निदेशक प्रोफैसर सत्यम कुमारी व बी.एड.(शिक्षा शास्त्री) विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सत्यदेव ने बताया कि जे.आर.एफ. की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले छात्रों में साहित्य विभाग में शोधरत निशा देवी, पूर्व छात्रा प्रीति, दीपिका कौशल, गौरव अत्री, राहुल व शुभम भारद्वाज शामिल हैं।

वहीं नैट परीक्षा में पूर्व छात्र साहिल व रितिका नेगी ने सफलता हासिल की है। प्रो. सत्यम कुमारी व सहायक निदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट ने कहा कि वेदव्यास परिसर के लिए यह गौरव का क्षण है तथा परिसर में अध्ययनरत अन्य सभी छात्रों के लिए भी यह प्रोत्साहन का विषय है।

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 6 छात्रों ने जे.आर.एफ. व 2 ने पास की नैट परीक्षा

रक्कड़, 8 फरवरी (आनंद): केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में अध्ययनरत 1 शोध छात्रा व 7 पूर्व छात्रों ने नैट परीक्षा में सफलता हासिल की है।

उक्त जानकारी देते हुए परिसर निदेशक प्रोफैसर सत्यम कुमारी व बी.एड.(शिक्षा शास्त्री) विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सत्यदेव ने बताया कि जे.आर.एफ. की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले छात्रों में साहित्य विभाग में शोधरत निशा देवी, पूर्व छात्रा प्रीति, दीपिका कौशल, गौरव अत्री, राहुल व शुभम भारद्वाज शामिल हैं।

वहीं नैट परीक्षा में पूर्व छात्र साहिल व रितिका नेगी ने सफलता हासिल की है। प्रो. सत्यम कुमारी व सहायक निदेशक प्रो. मंजूनाथ भट्ट ने कहा कि वेदव्यास परिसर के लिए यह गौरव का क्षण है तथा परिसर में अध्ययनरत अन्य सभी छात्रों के लिए भी यह प्रोत्साहन का विषय है।

# योग स्पर्धा में साहिल ने पाया दूसरा स्थान

परागपुर : राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तिरुपति (आंध्र प्रदेश) की ओर से गत दिवस आयोजित अखिल भारतीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रायोगिक योग प्रतियोगिता में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर की शिक्षा शास्त्र विद्याशाखा में अध्ययनरत छात्र साहिल अत्री ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया है। जिला चंबा के निवासी साहिल अत्री ने इससे पहले भी कई बार वेदव्यास परिसर की ओर से योग प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व सह निदेशक प्रो. मजुनाथ भट्ट ने साहिल अत्री व उसका मार्गदर्शन करने वाले डा. दर्शनाराय सहित आठ प्रतिभागियों को शुभकामना दी। (सप्र)



योग प्रतियोगिता में द्वितीय साहिल प्रमाणपत्र लेते हुए● सौजन्य : संस्थान

# तिरुपति में वेदव्यास परिसर का छात्र दूसरे स्थान पर

रक्कड़, 18 फरवरी (आनंद): राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तिरुपति (आंध्र. प्रदेश) द्वारा विगत दिवस आयोजित अखिल भारतीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रायोगिक योग प्रतियोगिता में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर की शिक्षा शास्त्र विद्या शाखा (शिक्षा शास्त्री चतुर्थ सत्रार्द्ध) में अध्ययनरत छात्र साहिल अत्री ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया।

जिला चम्बा निवासी साहिल अत्री ने इससे पूर्व भी अनेक बार वेदव्यास परिसर की ओर से योग प्रतियोगिताओं में भाग ग्रहण करते हुए परिसर एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर परिसर निदेशिका प्रो. सत्यम कुमारी एवं सह निदेशक प्रो. मञ्जुनाथ भट्ट ने परिसर का गौरव बढ़ाने पर साहिल अत्री एवं मार्गदर्शिका डॉ. दर्शनाराय सहित समस्त 8 प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी हैं।



रक्कड़ : प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए सह निदेशक प्रो. मञ्जुनाथ भट्ट। (आनंद)

# तिरुपति में वेदव्यास परिसर के छात्र ने चमकाया नाम



परागपुर : वेद व्यास परिसर में छात्र को सम्मानित करने का दौर

परागपुर। राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तिरुपति (आंध्र प्रदेश) द्वारा विगत दिवस आयोजित अखिल भारतीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रायोगिक योग प्रतियोगिता में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर की शिक्षा शास्त्र विद्याशाखा (शिक्षाशास्त्री) चतुर्थ सत्रार्द्ध में अध्ययनरत छात्र साहिल अत्री ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। जिला चंबा निवासी साहिल अत्री ने इससे पूर्व भी अनेक बार वेदव्यास परिसर की ओर से योग प्रतियोगिताओं में भाग ग्रहण करते हुए परिसर एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर परिसर निदेशिका प्रो. सत्यम कुमारी एवं सहनिदेशक प्रो. मञ्जुनाथ भट्ट ने परिसर का गौरव बढ़ाने पर द्वितीय स्थान प्राप्त साहिल अत्री एवं मार्गदर्शिका डा. दर्शनाराय सहित समस्त आठ प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान कीं।

पंजाब केसरी
THU,19 FEBRUARY 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 3

# तिरुपति में वेदव्यास परिसर का छात्र दूसरे स्थान पर

रक्कड़, 18 फरवरी (आनंद): राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तिरुपति (आंध्र प्रदेश) द्वारा विगत दिवस आयोजित अखिल भारतीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रायोगिक योग प्रतियोगिता में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर की शिक्षा शास्त्र विद्या शाखा (शिक्षा शास्त्री चतुर्थ सत्रार्द्ध) में अध्ययनरत छात्र साहिल अत्री ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया।

जिला चम्बा निवासी साहिल अत्री ने इससे पूर्व भी अनेक बार वेदव्यास परिसर की ओर से योग प्रतियोगिताओं में भाग ग्रहण करते हुए परिसर एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर परिसर निदेशिका प्रो. सत्यम कुमारी एवं सह निदेशक प्रो. मञ्जुनाथ भट्ट ने परिसर का गौरव बढ़ाने पर साहिल अत्री एवं मार्गदर्शिका डॉ. दर्शनाराय सहित समस्त 8 प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी हैं।




*रक्कड़ : प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए सह निदेशक प्रो. मञ्जुनाथ भट्ट।* (आनंद)

# वेदव्यास परिसर में मनाया मातृभाषा दिवस

**सवेरा न्यूज/प्रदीप ठाकुर**

रक्कड़, 24 फरवरी: केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में विश्व मातृभाषा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के आचार्य प्रो.बृहस्पति मिश्र सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक डा. ओमप्रकाश साहनी तथा सह-संयोजक पीयूष त्रिपाठी रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें अपने व्यावहारिक कार्य अपने मातृभाषा में करते हुए संकोच नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में परिसर में कार्यरत समस्त शिक्षक,कर्मचारी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# NEWS HIMACHAL24

WWW.NEWSHIMACHAL24.COM

Himachal Pradesh 25 February, 2026


# केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने 90 यूनिट ब्लड किया डोनेट

## एन एस एस यूनिट 2 के सौजन्य से लगाया गया रक्तदान शिविर

**परागपुरः पूजा सूद**



केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में बुधवार को एनएसएस यूनिट 2 द्वारा ब्लड डॉनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें टांडा मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक की टीम ने हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी एवं कैंप के संयोजक अमित वालिया ने बताया कि शिविर के दौरान परिसर के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने बताया कि कुल 90 यूनिट ब्लड टांडा मेडिकल कॉलेज की ब्लड बैंक की टीम को डोनेट किया गया।

वहीं 60 से 70 स्टूडेंट इस रक्तदान शिविर में रक्त देने से वंचित रह गए, क्योंकि कुछ छात्र-छात्राओं में खून की कमी पाई गई, कुछ अंडरवेट निकले तो कुछ अंडर एज(18 वर्ष से कम) निकले। वहीं टांडा ब्लड बैंक की टीम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंजलि ने बताया की किसी भी रक्तदान शिविर में रक्त देने के लिए किसी भी व्यक्ति के अंदर 12.5 ग्राम से ज्याद खून होना चाहिए।वहीं रक्तदान करने वाले व्यक्ति की उम्र 18 वर्ष से ज्यादा होनी चाहिए और उसका वजन भी उम्र के हिसाब से सही होना चाहिए।



डॉक्टर अंजलि के अनुसार खून बढ़ाने के लिए छात्र-छात्राओं को न्यूट्रिशंस के साथ-साथ गुड़ व चना भी आवश्यक रूप से अपने रोज के आहार में शामिल करना चाहिए। वहीं दूध पीने के लिए भी डॉक्टर अंजलि ने सबको प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि फास्ट फूड व अन्य पैक्ड आइटम जैसे चिप्स, कुरकुरे आदि छात्र-छात्राओं को नहीं खाने चाहिए।उन्होंने कहा कि इन पैक्ड फूड की जगह उन्हें फल, कच्ची सब्जियां (सलाद के तौर पर), दूध, पनीर व अंडा आदि का सेवन करना चाहिए। इस अवसर पर वेदव्यास परिसर की निदेशक सत्यम कुमारी,सहायक निदेशक प्रोफेसर मंजूनाथ,शिक्षा शास्त्री विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ सत्यदेव, डॉ पुरुषोत्तम, डॉ महिपाल सिंह सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया, डॉ मनीष कुमार, डॉ शक्तिशरण शर्मा,अमरचंद, डॉ हरिओम शर्मा, डॉ भूपेंद्र ओझा, डॉ विजय कुमार मीणा, डॉ लोकेश कुमार, डॉ किशन द्विवेदी आदि भी उपस्थित रहे।

## बलाहर में शिविर आयोजित, 90 यूनिट रक्त जुटाया

रक्कड़/परागपुर (कांगड़ा)। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर (बलाहर) में बुधवार को एनएसएस यूनिट-2 द्वारा भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टांडा मेडिकल कॉलेज की टीम ने 90 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर संयोजक अमित वालिया ने बताया कि विद्यार्थियों और शिक्षकों ने इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। हालांकि, 60 से 70 छात्र खून की कमी, कम वजन या 18 वर्ष से कम आयु होने के कारण रक्तदान नहीं कर सके। टांडा ब्लड बैंक की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजलि ने बताया कि सुरक्षित रक्तदान के लिए व्यक्ति का हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से अधिक और आयु 18 वर्ष से ऊपर होनी अनिवार्य है। इस अवसर पर निदेशक सत्यम कुमारी, सहायक निदेशक प्रोफेसर मंजूनाथ, शिक्षा शास्त्री विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यदेव, डॉ. पुरुषोत्तम, डॉ. भूपेंद्र ओझा, डॉ. विजय कुमार मीणा, डॉ. लोकेश कुमार और डॉ. किशन द्विवेदी आदि मौजूद रहे। संवाद

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 90 यूनिट ब्लड किया डोनेट



रक्कड़: ब्लड डोनेशन कैंप के दौरान अमित वालिया व सहयोगी। (आनंद)

रक्कड़, 25 फरवरी (आनंद): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में बुधवार को एन.एस.एस. यूनिट 2 द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें टांडा मैडीकल कॉलेज के ब्लड बैंक की टीम ने हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी एवं कैंप के संयोजक अमित वालिया ने बताया कि शिविर के दौरान परिसर के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

उन्होंने बताया कि कुल 90 यूनिट ब्लड टांडा मैडीकल कॉलेज की ब्लड बैंक की टीम को डोनेट किया गया। वहीं 60 से 70 स्टूडैंट इस रक्तदान शिविर में रक्त देने से वंचित रह गए, क्योंकि कुछ छात्र-छात्राओं में खून की कमी पाई गई, कुछ अंडरवेट निकले तो कुछ अंडर एज (18 वर्ष से कम) निकले।

वहीं टांडा ब्लड बैंक की टीम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजलि ने बताया की किसी भी रक्तदान शिविर में रक्त देने के लिए किसी भी व्यक्ति के अंदर 12.5 ग्राम से ज्यादा खून होना चाहिए। इस अवसर पर वेदव्यास परिसर की निदेशक सत्यम कुमारी, सहायक निदेशक प्रोफैसर मंजूनाथ, शिक्षा शास्त्री विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यदेव, डॉ. पुरुषोत्तम, डॉ. महिपाल सिंह सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. शक्तिशरण शर्मा, अमरचंद, डॉ. हरिओम शर्मा, डॉ. भूपेंद्र ओझा, डॉ. विजय कुमार मीणा, डॉ. लोकेश कुमार, डॉ. किशन द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

Kangra Kesari
Feb 26, 2026
पंजाब केसरी

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 90 यूनिट ब्लड किया डोनेट



रक्कड़: ब्लड डोनेशन कैंप के दौरान अमित वालिया व सहयोगी। (आनंद)

रक्कड़, 25 फरवरी (आनंद): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में बुधवार को एन.एस.एस. यूनिट 2 द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें टांडा मैडीकल कॉलेज के ब्लड बैंक की टीम ने हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी एवं कैंप के संयोजक अमित वालिया ने बताया कि शिविर के दौरान परिसर के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

उन्होंने बताया कि कुल 90 यूनिट ब्लड टांडा मैडीकल कॉलेज की ब्लड बैंक की टीम को डोनेट किया गया। वहीं 60 से 70 स्टूडैंट इस रक्तदान शिविर में रक्त देने से वंचित रह गए, क्योंकि कुछ छात्र-छात्राओं में खून की कमी पाई गई, कुछ अंडरवेट निकले तो कुछ अंडर एज (18 वर्ष से कम) निकले।

वहीं टांडा ब्लड बैंक की टीम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजलि ने बताया की किसी भी रक्तदान शिविर में रक्त देने के लिए किसी भी व्यक्ति के अंदर 12.5 ग्राम से ज्यादा खून होना चाहिए। इस अवसर पर वेदव्यास परिसर की निदेशक सत्यम कुमारी, सहायक निदेशक प्रोफैसर मंजूनाथ, शिक्षा शास्त्री विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यदेव, डॉ. पुरुषोत्तम, डॉ. महिपाल सिंह सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. शक्तिशरण शर्मा, अमरचंद, डॉ. हरिओम शर्मा, डॉ. भूपेंद्र ओझा, डॉ. विजय कुमार मीणा, डॉ. लोकेश कुमार, डॉ. किशन द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।